Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 17-08-2006

Participants : Pradhan Shri Dharmendra

>

Title: Regarding attach on Indian Official in Dhaka, Bangladesh.

श्री धर्मेन्द्र प्रधान (देवगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, पिछले एक महीने में बंगलादेश में चाहे छोटे पैमाने पर हों लेकिन ऐसी दो प्रमुख घटनाएं हुई हैं, जिनपर यदि भारत सरकार अपना कुछ मत दे या चिन्ता करे तो देश हित में ठीक होगा। पिछली 31 जुलाई को भारत के विदेश सचिव माननीय श्री शरण वहां के विदेश सचिव से बात करने के लिए गए थे। उस वार्तालाप की जब उस रात मीडिया से मीटिंग हुई, उसमें भारत के आकाशवाणी के प्रतिनिधि माननीय। *.......

उपाध्यक्ष महोदय : नाम मत लीजिए, नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : ठीक है।

ऑल इंडिया रेडियो के अधिकारी, जो गुलशन नगर, ढाका में रहते हैं, उनके घर में रात दस बजे उन पर ब्रूटल अटैक हुआ, उन्हें मारने तक की बात आई। वे अपोलो अस्पताल में भर्ती हुए और 42 घंटे तक कोमा में रहे। संयोग से वे उड़ीसा के हैं, इसलिए हमें ज्यादा चिन्ता हुई। वहां उनके पास उनकी पत्नी है और अकेली बेटी है। चिन्ता इसलिए भी हुई जब भारत सरकार ने उस पर तथ्यों को छिपाने का काम किया। पहले कहा गया कि उन्हें फूड पॉयज़निंग के कारण ऐसा हुआ जबकि उन्हें मल्टीपल इंजुरी हुई, सिर से लेकर पांव तक उन पर कई आघात किए गए। विदेशों में जो भारतीय अधिकारी काम करते हैं, भारत सरकार को उनके बारे में चिन्ता करनी चाहिए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : क्या यह स्टेट मैटर नहीं है?

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : ऐसी ही एक प्रमुख घटना में पिछली 10 अगस्त की रात को आसाम के काचार जिले में बंगलादेश राइफल्स की ओर से बीएसएफ की तीन चौकियों पर अटैक हुए। उसमें तीन सिविलियन्स की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी थे। मैं आपके माध्यम से विनती करता हूं, सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं कि लेबनान में सिविलियन्स के ऊपर अत्याचार होते हैं तो यह संसद चिन्ता प्रकट करती है, लेकिन अगर भारत की भूमि पर बंगलादेश की ओर से अटैक होता है और उसमें महिलाएं और बच्चे मरते हैं, उसमें भारत सरकार अपनी नीति स्पट क्यों नहीं करती। मैं कहना चाहता हूं कि भारत सरकार इस बारे में कुछ कार्य वाही करे।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप अपना नोटिस पहले दिया कीजिए, आपने नोटिस नहीं दिया था।

...(व्यवधान)

---

* Not recorded

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Sir, the hon. Minister is here. Will he comment on the matter that was raised by hon. Member Shri Dharmendra Pradhan?

MR. DEPUTY-SPEAKER : I cannot compel him.

SHRI KHARABELA SWAIN : You cannot, Sir. But we are requesting you. This is a serious matter. Let him say that he would carry our matter to the concerned hon. Minister.

SHRI PRASANNA ACHARYA (SAMBALPUR): Sir, we request the hon. Minister to reply. …(*Interruptions*)